हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 मार्च 2025

12 भूना के डस्टबिन फतेहाबाद भेजने का किया विरोध, दिया अल्टीमेटम



12 किसान सभा 18 को भट्टू सरकारी अस्पताल पर देगी धरना



पुलिस की कड़ी कार्रवाई

## नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया सर्च अभियान

- 57 लोगों को 172 बीएनएसएस के तहत किया डिटेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करी व अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के ठिकानों पर दबिश देकर विशेष सर्च अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने शहर सिरसा की विभिन्न कालोनियों व ऐलनाबाद, रानियां, चौपटा, डिंग, बडागुढ़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अनेक जगहों पर सर्च अभियान के तहत मादक पदार्थ व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के घरों व अन्य ठिकानों पर दबिश देकर तलाशी ली।विशेष अभियान के दौरान नशा तस्करी में संलिप्त 57 लोगों को 172 बीएनएसएस के तहत डिटेन किया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान का उदेश्य विभिन्न प्रकार के नशे का कारोबार करने वाले तथा आपराधिक किस्म के लोगों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाना है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा तस्करों व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा सर्च अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

*अघोषित कट लगाने से लोगों को परेशानियों का करना पड़ा सामना*

## भट्टू रोड पर एम-6 टॉवर लगाने के चलते बिना पूर्व सूचना के पूरे शहर की 4 घंटे से ज्यादा बिजली रही ठप

- 98122-01249 - शिकायत केन्द्र
- 98122-01245 - एसडीओ सिटी
- 98122-01244 - एक्सईएन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा भट्टू रोड स्टेट हाइवे पर खंबे हटाकर टॉवर लगाने के चलते रविवार को करीब 4 घंटे पूरे शहर की बिजली सप्लाई ठप कर दी गई। बिना किसी पूर्व सूचना के अघोषित कट लगाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल, आज फाल्गुन की दूज को अनेक मंदिरों में बड़े धार्मिक कार्यक्रम थे। अघोषित बिजली कट से मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इससे पूर्व पिछले रविवार को भी भट्टू रोड पर खंबों की जगह टावर लगाए गए थे। हालांकि बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि टावरों से काफी फायदा होगा और भविष्य में ब्रेक डाउन जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। पंजाब सीमा से सटे गांव ब्राह्मणवाला से वाया फतेहाबाद राजस्थान से सटे भट्टू के गांव रामसरा तक स्टेट हाइवे का निर्माण किया गया है। निर्माण के समय न तो ठेकेदार ने और न ही निगम ने बिजली के खंबों की तरफ ध्यान दिया।





फतेहाबाद। भट्टू रोड पर लगाया गया टॉवर व हंस कालोनी के बाहर लगाया जा रहा टॉवर। फोटो :हरिभूमि

### अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन

इस बारे शहरवासियों ने अनेक बार दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को बिजली बंद होने बारे जानकारी लेनी चाही तो किसी भी अधिकारी व कर्मचारी ने अपना फोन नहीं उठाया। लोगों ने सैंकड़ों बारे शिकायत केन्द्र व अधिकारियों को फोन किए लेकिन कहीं से कोई जवाब नहीं मिला। निम्न लिखित नंबरों से कोई रिस्पोंस नहीं मिला।

### एक ही टावर पर 4 फीडर एक साथ चल सकेंगे

जब सड़क की चौड़ाई 7 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर कर दी गई तो बिजली के खंबे सड़क के बीच में आ गए। तब निगम को याद किया कि इन खंबों को हटाना जरूरी है। यही कारण था कि बीते रविवार को भट्टू रोड पर रजवाहे से पहले खंबे हटाकर टावर लगाए गए थे और अब इस रविवार को भी 132 केवी से पूर्व विधायक दुड़ाराम की कोठी तक खंबों को हटाकर टावर लगाने का काम किया जा रहा है। निगम के कनिष्ठ अभियंता का कहना है कि इस रोड शिफ्टिंग हो जाने से यहां एम-6 टावर लगाए जाएंगे। एक ही टावर पर 4 फीडर एक साथ चल सकेंगे। लाइन फाल्ट कम होगा। अंधेरी आने की सूरत में पोल टूटेंगे नहीं और ब्रेक डाउन जैसी समस्या खत्म होगी। यही कारण था कि रविवार दोपहर को 2 बजे पावर हाऊस से बिजली कटौती का परमिट लिया गया और शाम 6 बजे तक बिजली गुल रही।

### खबर संक्षेप

#### दो युवक हेरोइन सहित किए गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत एवीटी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम ने शहर फतेहाबाद से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान मुबारिक खान पुत्र याकिन शाह निवासी खिजरपुर जिला कासगंज यूपी हाल किरायेदार हंस कालोनी फतेहाबाद व अजय कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी भाटिया कालोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है।

#### शराबी बेटे ने मां पर बोला हमला, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना में शराब के नशे में धुत्त एक कलयुगी बेटे द्वारा अपनी मां पर हमला कर उसे घायल करने का समाचार है। घायल महिला को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे सदर फतेहाबाद पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भिरड़ाना निवासी महिला बृहस्पति देवी ने कहा कि गत दिवस रात को जब वह अपने घर पर खाना बना रही थी तो उसी समय उसका बड़ा लडक़ा पवन कुमार शराब पीकर घर आया और कहने लगा कि वह मकान बेचकर इसके पैसे उसे दे दे। मना करने पर उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी।

#### बीराबद्दी में कई ट्यूबवेलों से केबल चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव बीराबद्दी में कई ट्यूबवेलों से केबल चोरी कर ली। इस बारे किसान द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बीराबद्दी निवासी बलविन्द्र सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत में ट्यूब्वैल लगाया हुआ है। गत दिवस शाम को वह खेत से घर आ गया था। रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गए और वहां लगे ट्यूब्वैलों से करीब 130 फुट केबल चोरी कर ले गए हैं। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर जब उसने आसपास चोरों की तलाश की तो पता चला कि चोरों ने रात को तीन अन्य ट्यूब्वैलों से भ केबल चोरी की है।

गेहूं की खरीद के लिए फतेहाबाद में 7 मडियां और 45 खरीद केंद्र बनाए

## सरकारी खरीद में दो सप्ताह, लिफ्टिंग के लिए एक भी ठेकेदार नहीं आया आगे

*ठेकेदारों की मांग : सरकार वर्ष 2023-24 की पॉलिसी लागू करें, जुर्माना राशि को भी कम किया जाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए सरकार ने फतेहाबाद में 7 मण्डियां और 45 खरीद केन्द्र बनाए हैं। जिला में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने में मात्र 2 सप्ताह का ही समय शेष है लेकिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को अभी तक गेहूं की लिफ्टिंग को लेकर लोडिंग-अनलोडिंग के ठेकेदार नहीं मिल रहे। विभाग ने तीन बार निविदाएं आमंत्रित की लेकिन एक भी आवेदन नहीं आया। हालांकि प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह लेबर और मंडी ट्रांसपोर्ट पॉलिसी में बदलाव भी किए हैं। इसके बावजूद कोई भी ठेकेदार गेहूं के उठान के ठेके के लिए आवेदन नहीं कर रहा।

पिछली पॉलिसी में एक ठेकेदार पूरे जिले में तीन से अधिक मंडियों से उठान को लेकर आवेदन नहीं कर सकता था। वहीं गेहूं के उठान में देरी होने पर प्रति दिन के हिसाब से पांच हजार रुपये जुर्माना लगाने की शर्त शामिल है। इसके अलावा ठेकेदार या एजेंसी के पास 30 प्रतिशत ट्रक होने सहित कई शर्तें ऐसी थी, जिसे ठेकेदार मानने को तैयार नहीं है। ट्रासंपोर्ट व माल उठान करने वाले ठेकेदार इन शर्तो पर काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। इस कारण जिलास्तर पर लगाए गए टेंडर पर किसी भी ठेकेदार ने टेंडर नहीं भरा। किसी भी एजेंसी के टेंडर न भरने के कारण गेहूं के उठान पर संकट आ सकता था। इस कारण सरकार ने इसको देखते हुए पॉलिसी में काफी बदलाव करते हुए ठेकेदार को छूट प्रदान की है, लेकिन फिर भी ठेकेदार इन शर्तें काम करने के लिए टेंडर नहीं भर रहे हैं। ठेकेदारों का कहना है कि सरकार वर्ष 2023-24 की पॉलिसी लागू करें। साथ ही ठेकेदारों की मांग है कि जो जुर्माना राशि है उसे भी कम किया जाए। नई पालिसी में लिफ्टिंग एजेंसी के पास 30 फीसदी ट्रक अपने होने जरूरी होने वाली शर्त को खत्म कर दिया गया है। बदलाव से पहले यदि एजेंसी के पास 30 फीसदी ट्रक अपने नहीं है तो उसे प्रति एक 1 लाख 25 हजार रुपये जमा करवाने थे। काम पूरा होने के बाद 20 प्रतिशत ट्रकों की पूरी राशि वापिस कर दी जाएगी जबकि 10 प्रतिशत ट्रकों की 75 हजार रुपये एजेंसी को विभाग वापस देगा जबकि 50 हजार रुपये नान रिफंडेबल थे।



फतेहाबाद। गेहूं की बोरियों से अटी अनाज मण्डी। (फाइल फोटो) फोटो :हरिभूमि

### सरकार ने शर्तों में किया बदलाव

गेहूं उठान व लिफ्टिंग के लिए सरकार ने शर्तों में बदलाव किया है। इन शर्तों में बदलाव करने से ठेकेदार को कुछ छूट जरूर मिली है लेकिन उनकी मांग है कि सरकार की दो साल पुरानी पॉलिसी को लागू करे। हालात यह है कि आज मण्डी में मजदूर भी नहीं मिल रहे हैं।
**विनोद सिंगला, जिला प्रधान, ट्रांसपोर्ट यूनियन, फतेहाबाद।**

### ठेकेदार पुरानी पॉलिसी लागू करने पर अड़े : डीएफएससी

निदेशालय ने खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी नई पॉलिसी के तहत इस बार मंडियों से गेहूं की लिफ्टिंग का टेंडर लेने वाले ठेकेदार के पास 30 प्रतिशत ट्रक वाली शर्त को खत्म कर दिया है। समय पर लिफ्टिंग नहीं होने पर लगने वाली जुर्माना राशि भी पांच हजार से घटाकर एक हजार रुपये कर दी गई है। बदलाव से पहले एक लिफ्टिंग एजेंसी जिले में तीन से अधिक मंडियों से गेहूं उठान का टेंडर नहीं ले सकती थी, अब इसे भी खत्म कर दिया गया है। गेहूं खरीद को लेकर जिले में 52 खरीद केंद्र बनाए गए है।
*-विनीत जैन, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक*

पुलिस की कार्रवाई

## 68 लाख का साइबर फ्रॉड करने के तीन आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

- ऐलनाबाद की एक युवती से की थी ठगी, 1.25 लाख रुपये बरामद, आरोपियों के दो खाते फ्रीज करवाए



सिरसा। साइबर ठगी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

साइबर थाना पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवती से 67 लाख 80 हजार 277 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले के तीन आरोपियों को दिल्ली से काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनिल कुमार पुत्र जमेली यादव निवासी केके कॉलोनी सोदानसी, जिला रामगढ़, झारखंड, गौरव पुत्र अनिरुद्ध निवासी मधुबनी बिहार व निधि पुत्री बृजमोहन निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारती निवासी वार्ड नंबर 17, ऐलनाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि कुछ समय पहले उसके मोबाइल फोन पर एक महिला का फोन आया और कहने लगी कि पीडीएफ फाइल में डाटा एंट्री कर आप घर बैठे वर्क फ्रॉम होम के जरिए लाखों रुपए कमा सकते हो। इस काम के लिए आपको एक लैपटॉप की आवश्यकता होगी, जो हमारी कंपनी आपको लैपटॉप उपलब्ध करवाएगी तथा पेपर वर्क के लिए आपको 1500 रूपए हमारी कंपनी के अकाउंट में ट्रांजेक्शन करने होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार पीड़िता साइबर अपराधियों के लुभाने ऑफर में आकर कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में पड़ गई।

### सूचना के आधार पर लिया एक्शन

*पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ साइबर थाना में ठगी का मामला दर्जकर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान साइबर थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उपरोक्त आरोपियों को ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर दिल्ली से काबू कर लिया। आरोपियों से पूछताछ कर उनकी निशानदेही पर करीब एक लाख 25 हजार रूपए की ठगी की राशि व वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साइबर थाना पुलिस ने पूछताछ कर जांच के दौरान गौरव के खाते के 4 लाख रूपए व निधि के खाते के 5 लाख रूपए फ्रीज करवाए गए हैं।,*

*सांसद ने भी लिखा था सीएम सैनी को पत्र*

## राहत : महिला कॉलेज को जाने वाले रोड का निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

फतेहाबाद रोड से लेकर जाखनदादी गांव में महिला कॉलेज को लेकर जाने वाले रोड का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग ने आखिर एक साल से भी ज्यादा समय के बाद शुरू कर दिया है। इसको लेकर कॉलेज जाने वाली हजारों छात्राओं के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी राहत की साथ ली है। अब विभाग द्वारा इंटरलॉक की बजाय तारकोल व बजरी से रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार गांव जाखनदादी में महिला कॉलेज बना हुआ है जिसमें क्षेत्र की हजारों छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए आती है। कॉलेज को जाने के लिए करीबन 20 साल पहले फतेहाबाद रोड पर तहसील कार्यालय के सामने से कॉलेज तक करीबन 2 किलोमीटर लंबा रोड विभाग द्वारा बनाया गया था। पहले यह रोड तारकोल और बजरी का बना हुआ था लेकिन गत वर्ष जब रोड को नया बनाने का टेंडर दिया गया तो ठेकेदार द्वारा तारकोल व बजरी की बजाय इंटरलॉक टाइल से रोड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप था कि एक निजी टाइल फैक्ट्री को फायदा पहुंचाने के लिए इंटरलॉक टाइल से रोड का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जबकि इस रोड पर कई राइस मील व अन्य फैक्ट्री अभी बनी हुई है, जिस कारण इंटरलॉक रोड जल्दी टूट जाएगा।



रतिया। निर्माण कार्य शुरू करते हुए ठेकेदार के कर्मचारी।

#### मकान में छापेमारी, देह व्यापार करने वाले 3 युवतियों समेत 6 काबू

**रतिया।** शहर रतिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एप्लाईज कॉलोनी रतिया बने एक मकान में छापामारी की। इस दौरान देह व्यापार करने वाले 3 महिलाओं समेत 6 आरोपियों को काबू करने मे सफलता हासिल की है। काबू किए गए तीनो युवको की पहचान जगसीर सिंह वासी दादूपुर, रणजीत सिंह वासी रामनगर कालोनी रतिया व बलवान वासी दादूपुर बताया। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर रतिया मे अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत मामला अंकित किया गया है।

*खनौरा में कबड्डी प्रतियोगिता का किया आयोजन*

## सांसद सुभाष बराला ने बढ़ाया कबड्डी खिलाड़ियों का हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जय बाबा शक्करपुरी क्लब द्वारा गांव खनौरा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे सांसद सुभाष बराला ने किया। यह आयोजन ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर सांसद सुभाष बराला ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति की पहचान हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से खेलों में रुचि लेने और नशे से दूर रहने की अपील की। सांसद सुभाष बराला ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी न केवल हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने में भी सहायक है।



फतेहाबाद। गांव खनौरा में कबड्डी खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करते सांसद सुभाष बराला।

## पुलिस ने 273 वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

यातायात थाना डबवाली प्रभारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की। इसके साथ ही आमजन को यातायात नियमों का पालन करने बारे जागरूक किया। ट्रैफिक पुलिस बीते सप्ताह के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से काफी सख्ती से पेश आई। गत सप्ताह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा 5 वाहन इम्पाउंड करने सहित कुल 273 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा मुख्य रूप से वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 13, शराब पीकर ड्राइविंग के 1, ब्लैक फिल्म के 3, खतरनाक तरीके से ड्राइविंग का 1 तथा रॉग पार्किंग के 29 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की। बीते सप्ताह में एक बुलेट का पटाखा बजाने पर 22,000 रुपए का जुर्माना वसूल करने के साथ-साथ उसका साइलेंसर भी उतरवाया गया।

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रों का विशेष महत्त्व : सोनू शर्मा

## चैत्र नवरात्रे 30 मार्च से, इस बार 9 के बजाय 8 दिन के होगें नवरात्रे, विशेष मुहूर्त में करें पूजा

*शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होने वाली नवरात्रि को चैत्र नवरात्र कहा जाता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रों का विशेष महत्व है। पंचांग के अनुसार साल में कुल चार बार नवरात्र होती है जिसमें दो गुप्त नवरात्र होती है, जिसे तंत्र साधना के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, वहीं अन्य दो नवरात्रे को चैत्र और शारदीय नवरात्रे कहा जाता है। ऐसे ही चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होने वाली नवरात्रि को चैत्र नवरात्रे कहा जाता है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि नौ दिनों तक पड़ने वाली इस नवरात्रे में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने का विधान है। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार, चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च शाम 4 बजकर 27 मिनट से शुरू हो रहा है, जो 30 मार्च दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में चैत्र नवरात्रे का आरंभ 30 मार्च से हो रहा है, जो 7 अप्रैल 2025 को समाप्त होगी।



फतेहाबाद। श्री श्याम मंदिर।

### विशेष मुहूर्त

इस बार चैत्र नवरात्रे में पहला मुहूर्त 30 मार्च 2025 को सुबह 06:13 मिनट से सुबह 10:22 मिनट तक है जबकि दूसरा मुहूर्त घटस्थापना का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:01 मिनट से 12:50 मिनट तक है। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार, इस साल चैत्र नवरात्रि पूरे 9 दिन ही नहीं बल्कि 8 दिन की होगी। चैत्र नवरात्र में पंचमी तिथि का छ्य हो रहा है। इसलिए 8 दिन के ही नवरात्रि पड़ेगी।

### दिन तिथि वार देवी पूजा

- प्रतिपदा 30 मार्च रविवार मां शैलपुत्री
- द्विितीया 31 मार्च सोमवार मां ब्रह्मचारिण, मां चंद्रघंटा
- तृतीया 1 अप्रैल मंगलवार मां कूष्मांडा
- चतुर्थी 2 अप्रैल बुधवार मां स्कंदमाता
- पंचमी 3 अप्रैल गुरुवार मां कात्यायनी
- षष्ठी 4 अप्रैल शुक्रवार मां कालरात्रि
- सप्तमी 5 अप्रैल शनिवार मां महागौरी
- अष्टमी 6 अप्रैल रविवार मां सिद्धिदात्री, राम नवमी

*बहुत प्रलाप करने से क्या लाभ हैं? इस चराचर जगत में जो कोई भी वस्तु है वह गणित के बिना नहीं है/ उसको गणित के बिना समझा नहीं जा सकता।*

*- श्रीनिवास रामानुजन*



*दिव्या चींखी- 'ना घर बसाऊँगी, ना तुम्हारे बेटे को तलाक दूँगी। वो रहे कहीं भी, मुझे उसकी परवाह नहीं। उसके साथ अब मेरा निबाह नहीं होगा। तुम्हारे भी नाक में दम रखूँगी और उसकी बहनों और रिश्तेदारों तक को परेशान करती रहूँगी। मुझे ढेरों तकलीफें उठानी पड़े लेकिन उसे अब इस घर में घुसने नहीं दूँगी। प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूल में बच्चों को चाहे भर्ती कराना पड़े, लेकिन तुम्हारे लिए दिल में रहम नहीं रखूँगी।*



*शैलेंद्र और दिव्या क्रोध की अग्नि में ऐसे झुलसे कि चेहरे और अंतस पर झुलसने के निशान साफ दिखाई पड़ने लगे। शैलेंद्र के माँ-पिता ने स्वयं को निपूता मान लिया और घर-बार बेचकर किसी दूसरे शहर में जा बसे। दोनों लड़कियाँ उनकी देखभाल करती रही।*



कहानी

**डा. सुरेश वशिष्ठ**

# अहंकार

दिव्या ने ससुराल का घर छोड़ा और किराए पर टू-रूम सैट लेकर रहने लगी। दोनों बच्चे और पति मजबूर हुए और उसके साथ रहने को चले आए। पति का नाम शैलेंद्र था। उसने सोचा-'दिव्या की जिद अलग रहने की है तो यही ठीक, घर का क्लेश तो मिटेगा?' उसे पत्नी के साथ रहना पड़ा। दोनों बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ने लगे। फीस का जिम्मा शैलेंद्र पर था।

दिन बीतने लगे लेकिन दिव्या का अहंकार खत्म नहीं हुआ। शैलेंद्र अपने माता-पिता से मिलने चला जाए तो क्लेश, बच्चों को दादा-दादी के पास ले जाए तो कलह। उसने दिव्या को बहुत समझाया लेकिन वह नहीं बदली।

शैलेंद्र दो बहनों का इकलौता भाई था। दोनों बहनें शादीशुदा थीं और अपनी ससुराल में उन्हें कोई कष्ट भी नहीं था। लेकिन बूढ़े और परेशान माँ-बाप की फिक्र में घुली जा रही थी। भाई-भाभी को समझाने के अनेक प्रयास हुए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। एक रोज, शैलेंद्र माता-पिता से मिलने गया तो रात पत्नी के पास वापस नहीं पहुँचा। अगले दिन, सुकून की तलाश में वह कहीं और चला गया। पत्नी की तरफ से उसका मन खिन्न हो चुका था। पति घर नहीं लौटा तो दिव्या को चिंता हुई। पन्द्रह-बीस दिन बीत गए शैलेंद्र नहीं आया।

बच्चों के स्कूल से क्लास टीचर ने फीस का पुर्जा बनाकर बड़े लड़के की कॉपी में रख दिया। दिव्या ने पुर्जा देखा तो पैसों की चिंता हुई। पति को फोन मिलाया, फोन स्विच ऑफ था। ऐसे कई दिनों तक वह फोन मिलाती रही लेकिन पति से कोई बात नहीं हुई। शैलेंद्र ने फोन उठाया ही नहीं। थक-हारकर दिव्या ने सास को फोन मिला दिया। सास ने 'हैलो' कहा तो दिव्या के चुभन से भरे तीखे बोल सुनाई पड़े- 'कहां है वह, पन्द्रह-बीस दिन से कुछ अता-पता नहीं है। बच्चों की फीस और मकान का रैंट देना है, क्या करूँ?'

सास बोली- 'घर आकर पैसे ले जा, उसका तो हमें भी पता नहीं। तुम लोग जब से घर छोड़कर गए हो, हमें किसी की कुछ खबर नहीं है। नहीं जानते कि तुम कैसे हो और कहाँ रह रहे हो? यही तो कलह है कि तुम आपसी तकरार खत्म करना क्यों नहीं चाहते? तुम उसकी गलती निकालती हो और वह तुम्हारी! सामान बाँधों और बच्चों को लेकर घर लौट आओ। उसका जब मन चाहेगा तो लौटकर आ जाएगा।'

'नहीं, एक बार जिस घर को छोड़कर चली आई, अब वहाँ मुझे नहीं आना।' दिव्या का अहम जाग उठा था। सास समझाने लगी- 'पति से बनाकर रखने में ही भलाई है। तुम्हें सास-ससुर में कमी दिखती है तो पति के अनुसार ही ढल जाओ! उसकी हो-कर ही रहने लगो? घर से दूसरे नगर इसीलिए गए थे कि चैन से रहोगे। अब पति से भी नहीं बन रही तो हमारा इसमें कहाँ दोष है।'

'दोष तो तुम सबों में है। मेरे कहे अनुसार चलोगे तो ठीक, नहीं तो तुम्हें भी चैन से रहने नहीं दूँगी। मैं नहीं चाहती कि तुम्हारे बेटे के साथ रहूँ लेकिन मेरी मजबूरी है। बच्चों को लेकर जाऊँ कहाँ, और बच्चों को मुझसे छीनने की सोचना भी मत। चाहे कैसे भी, मुझमें हिम्मत है। उन्हें किसी तरह पाल ही लूँगी। जिन के पिता मर जाते हैं, बच्चे तो उनके भी पलते हैं।'

'बड़ों से बात करने का सलीका समझ लो, ओछी सोच घर बिगाड़ देती है। मानती हूँ, मेरा जाया भी बददिमाग है। उसे भी आगे के बारे में कुछ नहीं सूझ रहा लेकिन कम तुम भी नहीं हो ! तुम पर जब क्रोध हावी होता है, तुम चुडैल दिखाई देती हो। और गालियाँ बकती हो तो असहनीय हो जाता है। अभी वक्त है, सुधर जाओ। अपना घर खराब मत करो। अहंकार का त्याग कर डालो और गृहस्थ बनकर जीना सीख लो?'

दिव्या चींखी- 'ना घर बसाऊँगी, ना तुम्हारे बेटे को तलाक दूँगी। वो रहे कहीं भी, मुझे उसकी परवाह नहीं। उसके साथ अब मेरा निबाह नहीं होगा। तुम्हारे भी नाक में दम रखूँगी और उसकी बहनों और रिश्तेदारों तक को परेशान करती रहूँगी। मुझे ढेरों तकलीफें उठानी पड़े लेकिन उसे अब इस घर में घुसने नहीं दूँगी। प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूल में बच्चों को चाहे भर्ती कराना पड़े, लेकिन तुम्हारे लिए दिल में रहम नहीं रखूँगी। ऐसा पति जो मेरी ना सुने, मुझे नहीं चाहिए।'

शैलेंद्र सरकारी स्कूल में टीचर थे। कुछ दिन बीते कि एक रोज दिव्या शैलेंद्र के स्कूल पहुँच गई। इत्तफाक कि उस दिन शैलेंद्र स्कूल नहीं आया था। उसकी जुबान खुल गई। प्रिंसिपल, स्टाफ के टीचर्स और एक-आध बाहरी लोगों के सामने वह खूब दहाड़ी। झूठे-सच्चे आरोप लगाकर उसने पति की इज्जत को तार-तार कर दिया। लोग हैरान थे, उन्होंने तो सोचा भी नहीं था कि शैलेंद्र की पत्नी इतनी झगड़ालू और बदतमीज है। हालात में बजाए सुधार होने के और खराबी आ गई।

प्रिंसिपल से दिव्या ने कहा- 'शैलेंद्र की तनख्वाह मेरे बच्चों के स्कूली बैंक खातों में ट्राँसफर कर दिया करें।'

प्रिंसिपल बोले- 'यह मेरे बस में नहीं, तनख्वाह तो शैलेंद्र के बैंक खाते में ही जाएगी।' दिव्या दहाड़ी- 'लफंगा है वह। पूरे महीने की तनख्वाह को आवारागर्दी में खर्च कर डालता है।' शैलेंद्र की पत्नी के मुख से यह सब कहने का किसी को यकीन नहीं हुआ। फिर बोलने के लहजे पर आश्चर्यचकित भी सभी थे। प्रिंसिपल ने दो टूक कह दिया- 'आप कुछ भी कहें, शैलेंद्र की तनख्वाह तुम्हें नहीं दी जा सकती। तुम्हारा आपसी मनमुटाव क्या है, हमें उससे कोई मतलब नहीं।'

'कोर्ट अगर कहे, तब भी नहीं?' दिव्या बोली। 'कोर्ट का निर्देश तो मान्य होगा। वहाँ से अगर आदेश हुआ, तो देखेंगे। आगे क्या होना है, क्या नहीं, यह तो समय ही तय करेगा?' प्रिंसिपल ने स्पष्ट कर दिया। उसका अहंकार बाहर आया- 'मेरे पिता पुलिस में अफसर हैं। झूठे-सच्चे दोष मढ़कर मैं उसके पूरे परिवार को कुटवा दूँगी। तब तो, तनख्वाह मेरे बच्चों के खाते में आएगी न?'

'नहीं, पुलिस के कहने से नहीं। कोर्ट अगर आदेश करे तो मुमकिन है। पुलिस के लिखे को हम नहीं मानेंगे। आपको इसके बारे में ज्ञान नहीं है। यह सरकारी महकमा है, यहाँ सब काम नियम के हिसाब से होते हैं।' प्रिंसिपल बोले।

'मैं पहले पुलिस में रिपोर्ट करती हूँ, फिर देखा जाएगा कि आप क्या मानेंगे और क्या नहीं। अब मुझे उसके साथ नहीं रहना है। हाँ, बच्चे पैदा किए हैं, मुझसे शादी की है, तो उसे खर्चा तो देना ही पड़ेगा?'

एक बुजुर्ग टीचर कहने लगे- 'शैलेंद्र से नहीं बनती तो अलग हो जाओ, तलाक ले लो। बच्चों को खुद पाल सकते हो तो ठीक, नहीं तो कस्टडी पिता पर छोड़ो।'

'ज्ञान मत बाँटो, मुझे जो करना है, वही मैं करूँगी। और शैलेंद्र आए तो उसे कह भी देना- 'आखिरी छोर तक पीछा नहीं छोड़ने वाली। तेरे माँ-बाप, तेरी बहनें और रिश्तेदारों तक को फँसाकर रहूँगी।' और दहाड़ती हुई वह चली गई।

शैलेंद्र और दिव्या क्रोध की अग्नि में ऐसे झुलसे कि चेहरे और अंतस पर झुलसने के निशान साफ दिखाई पड़ने लगे। शैलेंद्र के माँ-पिता ने स्वयं को निपूता मान लिया और घर-बार बेचकर किसी दूसरे शहर में जा बसे। दोनों लड़कियाँ उनकी देखभाल करती रही। झगड़े हुए, फसाद बढ़े, कोर्ट-कचहरी भी हुआ लेकिन फैसला सहज नहीं हो सका, पूरे दस साल बीत गए।

एक दिन, गर्मी की दोपहर थी। मोटर-साइकिल पर शैलेंद्र स्कूल से घर लौट रहा था। मंथन में विगत प्रभावी था। अकस्मात हृदय की गति बढ़ी और मोटर-साइकिल समेत वह खाई में जा गिरा। सांसों की ड़ोर छूट गई। अंत समय, ना माँ-बाप पास में थे, ना बहनें, ना पत्नी, ना हीं बच्चे और ना कोई नाते-रिश्तेदार! जिस गाँव में रहते थे। वहीं पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दिव्या को पता चला तो एक बारगी वह काँप गई। लेकिन अहम पुनः आड़े आन खड़ा हुआ। फिर जाने अचानक क्या हुआ कि वह हँसती चली गई। उसे खुद का होश नहीं रहा। दिन बीते तो दिव्या भूल गई कि कहाँ उसका घर है, कहाँ बसेरा है। कुछ समय तक तो बच्चे उसे ढूँढकर घर लाते रहे लेकिन बाद के दिनों में, उन्होंने भी उसे उसी के हाल पर छोड़ दिया।

दिव्या जब अट्हास करती है, दिशाएँ गूँजने लगती हैं लेकिन अब, कोई सुनने वाला पास में नहीं है। ना उसके पिता को कुछ फर्क पड़ा और ना ही माँ को। कभी वह रो देती है और कभी सिसकती है।

उस सिसकन में, उसका विगत उसे मुँह चिढ़ाता है। राह चलते लोग उसकी तरफ से मुँह फेर लेते हैं।

कविता | **नरेश शांडिल्य**

## चांद पर तितली



*कैसी प्यारी लग रही है चाँद पर तितली*
*इक परी-सी लग रही है चाँद पर तितली*

*आसमानी-सी ग़ज़ल में चाँद ऊला-सा*
*उसका सानी लग रही है चाँद पर तितली*

*चाँद के सँग चाँदनी के शुभ-शगुन जैसी*
*'फेंग्शुई'-सी लग रही है चाँद पर तितली*

*तीरगी का गहरा सागर, चाँद कश्ती-सा*
*उसका माँझी लग रही है चाँद पर तितली*

*देखकर अनगिन सितारे अपने चारों ओर*
*खोई-खोई लग रही है चाँद पर तितली*

कविता | **वीरेंद्र मधुर**

## ये भारत की शान है प्यारे



*ये भारत की शान है प्यारे इसके रंग सुहाने,*
*सत्य सनातन की गाथा को विश्व लगा दोहराने।*

*ये भगीरथ के जप तप का पावन गंगा तट है,*
*ये अमृत की बूंदों वाली महादेव की लट है।*
*भक्ति में शक्ति पाने को गंगा चलो नहाने।*

*वर्षों की घनघोर प्रतिक्षा संतों ने की चिंता,*
*धर्म बचाने की कोशिश में पाई भिक्षा दीक्षा।*
*भारत की स्वर्णिम राहों पर गाओ नए तराने।*

*दिव्य देव दर्शन में उमड़े सत्य सनातन लोग,*
*मधुर मौसमी चली हवाएं बना ग्रह संयोग।*
*राम कृष्ण की धरती पर नए बसंत को जाने।।*

कविता | **प्रो. प्रविंद्र बांगड़**

## कोई अनबन नहीं है



कोई अनबन नहीं है हम में, बस अब मन नहीं है।

न कोई शिकवा, न कोई गिला, बस मन का हाल बदला मिला।
न दूरियाँ बढ़ीं, न नजदीकियाँ हुई कम, बस एहसास हो गए हैं कुछ मद्धम।

एक दिल था जो हँसता बहुत था, वो भी अब कहीं खो गया।
जो प्यार था कभी हमारा, वो भी अब हमसे कहीं खो गया।

तुमसे कोई शिकायत नहीं, न ही कोई अधूरी चाहत रही।
मैं खुद को ही समझ रहा हूँ, ख़ामोशी से कुछ ढूंढ रहा हूँ।

रिश्तों को अब जबरन थामना नहीं,जो बह जाए, उसे रोकना नहीं।
भावनाएँ वैसी ही हैं बदलती नहीं, पर राहें भी तो पहले जैसी नहीं।

अब न कोई उलझन, न कोई भार, अब बस मन उलझा और लाचार।
जो बीत गया, वो सपना सही, अब खुद को पाने की यात्रा सही।

बस अब खुद को पहचानना है , अब खुद से सब सुलझाना है।

लघु कथा | **कुसुम**

## एक अनमोल रिश्ता



छोटे से गाँव की एक लड़की थी, जिसे शिक्षक शब्द से बेहद लगाव था। उसे पढ़ाई का शौक था, मगर संसाधनों की कमी और हालातों के चलते मुश्किल से बी.ए. में दाखिला मिल पाया। पहले साल तो वह कॉलेज जाती रही, मगर फिर कोरोना महामारी ने सब कुछ ठहर सा दिया। महीनों तक ऑनलाइन क्लास चलीं, लेकिन जब हालात सामान्य हुए, तो कॉलेज फिर से खुल गए। कॉलेज का पहला ही दिन था जब उसे पता चला कि इंग्लिश की एक नई मैम ने जॉइन किया है। पहले पीरियड में वही क्लास लेने आईं। गाँव से आई लड़की की अंग्रेज़ी थोड़ी कमजोर थी, मगर समझने की कोशिश करती थी। पहली ही क्लास में जब मैम ने धाराप्रवाह अंग्रेज़ी में पढ़ाना शुरू किया, तो उसे लगा कि यह विषय उसके लिए कठिन होने वाला है। घबराहट में वह हेड टीचर के पास भी चली गई कि उसके लिए किसी और शिक्षक को लगा दिया जाए। मगर एक ही दिन में ऐसा संभव नहीं था, और क्लास जारी रही। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, लड़की को इंग्लिश मैम की क्लास में मज़ा आने लगा। उनके पढ़ाने का तरीका अलग था-सरल, रोचक और प्रेरणादायक। धीरे-धीरे लड़की को अहसास हुआ कि यह विषय मुश्किल नहीं, बल्कि बेहद सुंदर और समझने योग्य है। मैम सिर्फ़ एक शिक्षिका नहीं रहीं, बल्कि उसकी सबसे पसंदीदा टीचर बन गईं। अब वह बेसब्री से उनके पीरियड का इंतजार करने लगी।

ऐसा लगता मानो समय ठहर जाए और वह बस सुनती ही रहे। समय अपनी रफ़्तार से बढ़ता रहा, और देखते ही देखते बी.ए. का आखिरी सेमेस्टर भी आ गया। पूरे कॉलेज में फेयरवेल पार्टी की तैयारियाँ चल रही थीं। मगर इस खुशी के माहौल में लड़की के दिल में अजीब सी उदासी थी। आख़िरी दिन जब मैम क्लास में आईं, तो पूरी कक्षा भावुक हो गई। किसी की आँखों में खुशी थी, तो किसी की आँखों में आँसू। मैम ने सबको ढेरों शुभकामनाएँ दीं। वह दिन बीत गया, मगर रिश्ते नहीं। लड़की और उसकी पसंदीदा टीचर के बीच का संबंध समय के साथ और भी गहरा होता गया। अब हर सुबह एक मैसेज दोनों तरफ़ से आता-'गुड मॉर्निंग, मैम!' गुड मॉर्निंग बच्चें' यह केवल शब्द नहीं थे, बल्कि उस निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का प्रतीक थे, जो एक शिक्षक और शिष्य के बीच होता है। क्योंकि कुछ रिश्ते किताबों के पन्नों की तरह होते हैं, जो भले ही बंद हो जाएँ, मगर उनकी यादें हमेशा दिल में बसी रहती हैं...।

**आधुनिक युग में साहित्य के सामने चुनौतियों को लेकर डा. संतोष गर्ग का कहना है कि वर्तमान में साहित्य की स्थिति बहुत अच्छी है। हालांकि मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल ज्यादा हो रहा है। बदलते परिवेश में साहित्य के स्वरूप को भी बदलना जरूरी है। मसलन युवा पीढ़ी को साहित्य के प्रति आकर्षित करने के लिए लंबी रचनाओं के बजाए लघु और उनके अर्थ को समझने वाली सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए।**

साक्षात्कार | **ओ.पी पाल**

# समाज सेवा के भाव से साहित्य संवर्धन आवश्यक : संतोष गर्ग

सामाजिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता के हित में साहित्य को अहम माना गया है। मूर्धन्य विद्वान भी साहित्य की समाज का दर्पण के रूप में व्याख्या करते रहे हैं। ऐसी ही एक प्रख्यात कवयित्री, लघुकथाकार, बाल उपन्यासकार और कहानीकार के रूप में डा. संतोष गर्ग ने अपनी लेखनी से हिंदी साहित्य को एक नया आयाम देकर साहित्य जगत में लोकप्रियता हासिल की है। उनकी साहित्यिक रचनाओं में नारी सशक्तिकरण, आध्यात्म, समाज सुधार और बाल साहित्य जैसे विषयों का समावेश शामिल है। उन्होंने हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी और अंग्रेज़ी भाषाओं की ज्ञाता संतोष गर्ग ने सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रीयता से समाज को एक सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया।

साहित्य और समाज में अपने ऐतिहासिक रूप से योगदान दे रही महिला साहित्यकार डा. संतोष गर्ग ने अपने साहित्यिक और सामाजिक सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से बातचीत में कई ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनका मानना है कि साहित्य संवर्धन समाज सेवा के भाव से हो तो उसका संस्कृति और संस्कारों को जीवंत रखने के लिए ज्यादा महत्व है। डा. संतोष गर्ग जन्म 12 नवंबर 1960 को पंजाब के बुढ़लाड़ा के एक संयुक्त परिवार में रूलदू राम सिंगला और देवकी देवी के घर में हुआ। परिवार में किसी तरह का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। बकौल संतोष गर्ग उनकी शादी 17 साल की उम्र में 23 अप्रैल 1978 को हरियाणा के कलायत गांव में हो गई थी। शादी से पहले वह सिर्फ 11वीं कक्षा पास की थी और बाकी उच्च शिक्षा शादी के बाद ग्रहण की। शादी के बाद कलायत गांव से वह अपने पति के साथ हिसार आकर रहने लगी, जहां उनके पति की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में प्रोफेसर के रूप में नई नई नौकरी लगी थी, वहीं से वे अब प्रोफेसर एंड हैड पद से सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। वह साल 2012 से अपने बच्चों के साथ मोहाली में रह रही हैं। हरेक क्षेत्र की तरह साहित्यिक सफर में उतार चढ़ाव सभी के सामने आते हैं। उनके सामने भी बच्चों के भविष्य को लेकर चुनौतियां थी और परिवार की जिम्मेदारियां थी। इसके बावजूद साहित्यिक कार्यक्रमों में भाग लेती रही। हिंदी व पंजाबी के अलावा हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने कुछ रचनाएं लिखी हैं। अपने साहित्यिक सफर में अब तक हिंदी भाषा में निरन्तर कवि गोष्ठियों, कवि सम्मेलनों का आयोजन भी कराती आ रही हैं। वह अखिल भारतीय साहित्य परिषद में हरियाणा प्रांत की उपाध्यक्ष, और राष्ट्रीय कवि संगम में 2016 से ट्राई सिटी चंडीगढ़ के अध्यक्ष पद पर लगातार सक्रिय हैं। वे एक फैशन डिजाइनर होने के साथ योगा व नेच्युरोपैथी चिकित्सक भी हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

संतोष गर्ग की प्रकाशित 19 पुस्तकों में चार काव्य संग्रह-दिल मुट्ठी में, सूख गए नैनन के आँसू, शब्दों को विश्राम कहाँ और बाल काव्य संग्रह 'कागज की नाव', एक बाल उपन्यास नानी, निक्की और कुंभ' व काव्य संकलन ' दुनिया गोल मटोल' के अलावा 'हर मन तिरंगा, पिता होते हैं पर्वत से, कोरोना काल कवियों के झरोखे, लघुकथाएं अपनी-अपनी सोच, लघुकथा संग्रह 'लघुता कुछ कहती है' सुर्खियों में हैं। वहीं 'यात्रा गुरू के गाँव की', 'मानस मोती', 'पंचामृत', 'सहस्त्रमानक', 'संवाद' और सनातन-वार्ता पुस्तकें भी लिखी हैं।



संतोष गर्ग

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी से आध्यात्म पुस्तक सनातन-वार्ता के लिए श्रेष्ठ कृति पुरस्कार के अलावा संतोष गर्ग को महादेवी वर्मा कविता गौरव सम्मान, साहित्य सम्मेलन शताब्दी सम्मान, गुरु रविंद्र नाथ टैगोर सम्मान, लघुकथा स्वर्ण सम्मान, पावरफुल वूमेन आफ हरियाणा अवार्ड, वूमैन एम्पावरमैंट अवार्ड, कोरोना योद्धा सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वहीं उन्हें दुबई में भारतीय प्रधान कौंसुलेट जनरल द्वारा भी सम्मान हासिल हुआ है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : संतोष गर्ग
**जन्मतिथि** : 12 नवंबर 1960
**जन्म स्थान** : बुढ़लाड़ा (पंजाब)
**शिक्षा** : बीए, योगा व नेच्युरोपैथी, फैशन डिजाइन
**संप्रति** : कवयित्री, लघुकथाकार, बाल उपन्यासकार, कहानीकार, मैनेजिंग डायरेक्टर(एन जी डायग्नोस्टिकस, पंचकूला)

### ऐसे शुरु हुआ साहित्यिक सफर

वे बताती हैं कि हिसार में रहते हुए अमृता प्रीतम, शिव कुमार बटालवी और ओशो की पुस्तकें पढ़ा करती थी। कई बार अपने मन के भाव भी डायरी में उतार लेती। एक तरह से मेरी साहित्यिक यात्रा 1988 में आरंभ हुई, जब मेरी दो कविताएं एक समाचार पत्र में पहली बार प्रकाशित हुई। इससे आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था। चूंकि पंजाब में शुद्ध पंजाबी बोली जाती है, जिसके कारण उनकी भाषा में कुछ पंजाबी के तो कुछ हिंदी के और कुछ शब्द हरियाणवी के भी आते हैं। रही बात हिंदी लिखने की, तो इसका श्रेय हिसार के साहित्यकारों को है। यह उनका सौभाग्य रहा कि उन्हें सर्वोदय भवन में हिसार के राज्यकवि प्रोफेसर उदयभानु हंस, डॉ राधेश्याम शुक्ल, सतीश कौशिक, राजेंद्र प्रसाद जैन, मदन गोपाल शास्त्री, प्रदीप नील जैसे विद्वानों को सुनने का अवसर मिलता रहा। इस बात का अहसान उन्हें भी नहीं हुआ कि कब हिंदी उनकी प्रिय भाषा बन गई। साहित्य जगत में उनकी सभी प्रकाशित पुस्तकें हिंदी भाषा में ही हैं और बहुत से सांझा संकलनों में भी रचनाएं प्रकाशित हैं। साल 1995 में उनकी पहली कृति के रुप में काव्य संग्रह 'दिल मुट्ठी में' प्रकाशित हुआ। फिर उन्होंने लघु कथा संग्रह और अन्य विधाओं में पुस्तकें लिखना शुरु किया। उन्होंने बताया कि उनका काव्य संग्रह सूख गए नैनन के आँसू' और डायरी के पन्ने 'मनांजलि' हरियाणा साहित्य अकादमी सौजन्य से प्रकाशित हुआ। साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने गद्य व पद्य दोनों विधाओं में ही रचनाएं लिखी हैं। कविताओं के अलावा लघु कथाए, कहानी, उपन्यास और बाल साहित्य भी लिखा है। उनके लेखन का फोकस ज्यादातर प्रेम, प्यार, विरहा, अध्यात्म, सेवा, संस्कारों पर रहा है। हालांकि समाजिक सरोकार के मुद्दों पर भी कलम चलाई है, लेकिन राजनीति पर बहुत कम लिखा है।

# हास्य-व्यंग्य बोध से सराबोर 'दाढ़ी से बड़ी मूँछ'






**पुस्तक : दाढ़ी से बड़ी मूँछ**
**लेखक : प्रियदर्शी खैरा**
**मूल्य : 400 रुपये**
**प्रकाशक : भारतीय साहित्य संग्रह, कानपुर।**

पुस्तक समीक्षा | **प्रमोद ताम्बट**

हाल ही में प्रियदर्शी खैरा का नया व्यंग्य संकलन 'दाढ़ी से बड़ी मूँछ' भारतीय साहित्य संग्रह कानपुर से प्रकाशित हुआ है। दो दो स्वरनामधन्य व्यंग्याकारों प्रेम जनमेजय एवं पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी की पृथक-पृथक भूमिकाओं से सजे इस व्यंग्य संकलन ने एक तरीके से लेखन की दुनिया में एक अलग लकीर खींच कर रख दी है, यह कहने में कोई गुरेज़ नहीं किया जाना चाहिए। जहां प्रेम जनमेजय कहते हैं कि ''उनकी रचनाओं में व्यंग्य लदकर नहीं आया है, सहज आया है'', वहीं डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी कहते हैं ''सहज होकर व्यंग्य भी लिखा जाए तो वह कितना अच्छा बन जाता है।' प्रियदर्शी खैरा का यह संकलन इन दोनों ही टिप्पणियों पर खरा उतरता है। श्री खैरा की व्यंग्य रचनाओं में वव्यंग्य भी उसी सहजता से आता है जितनी सहजता से हास्य। यह एक मणिकांचन संयोग की तरह होता है जो रचना की पठनीयता को निःसंदेह द्विगुणित कर देता है। इसे साध लेना वास्तव में बहुत कठिन होता है, यदि वह घुट्टी के साथ मिली हुई न पी रखी हो। श्री खैरा का बुंदेलखंड से लम्बा नाता रहा है इसलिए वहां का नैसर्गिक हास्य-व्यंग्य बोध उनकी रचनाओं में सहज प्रवाह की तरह चला आता है जिससे वे अपने रचनाकर्म को समृद्ध बनाते चलते हैं। पूरे संकलन की हरेक रचना में खैरा जी अपनी विशिष्ट खिलंदड़ी भाषा के माध्यम से अपने हास्य-व्यंग्य बोध का छिड़काव सा करते हुए चलते हैं। जिससे पहली ही रचना से संकलन के प्रति उत्सुकता का भाव पैदा होता है जो निश्चित ही पाठक को पूरा संकलन पढ़ा ले जाने के लिए मजबूर कर देता है। श्री खैरा लम्बे समय तक शासकीय विभाग में उच्चतम पद पर रहे हैं और उन्होंने इस दौरान व्यवस्था के छोटे से लेकर उच्च स्तर कर तक की इकाइयों को बहुत ही करीब से देखा है। किसी भी लेखक के पक्ष में यह महत्वपूर्ण बात होती है कि वह अपने जीवनानुभव को किस तरह से अपने रचना कर्म में लेकर आता है, श्री खैरा का रचनाकर्म इस मामले में काफी ईमानदार और प्रामाणिक प्रतीत होता है। व्यंग्य संकलन में कुछ 37 रचनाएं हैं। सभी रचनाएं लेखक के मृदुल हास्य एवं व्यंग्य बोध से सराबोर हैं जो मज़े-मज़े में गंभीर विसंगतियों का अहसास भी कराती चलती हैं। लेखक की रचनाएं व्यंग्य के मानदंडों पर भी खरी उतरती हैं, वे बहुत सहजता से व्यंजना, वक्रोक्ति, कटाक्ष, ह्यूमर, आयरनी, कामदी आदि व्यंग्य के हथियारों का उपयोग करते नज़र आते हैं। पुस्तक का कवर पेज अत्यंत साधारण है, इसे और ज्यादा कलात्मक बनाया जाता तो बेहतर होता।

## खबर संक्षेप

### बीपीएल परिवारों को नहीं मिला गेहूं, तेल का राशन

**आदमपुर।** आदमपुर शहर के डिपुओ पर होली के अवसर पर भी गेहूं व सरसों का तेल नहीं पहुंचने से बीपीएल परिवारों को होली पर गेहूं व सरसो तेल नहीं मिल पाया है। रविवार को भी यह राशन डिपो पर नहीं पहुंच पाया था। बीपीएल उपभोक्ताओं ने बताया कि होली पर उन्हें सिर्फ बाजरी व चीनी ही दी गई जबकि रोजमर्रा के काम आने वाले गेहूं व सरसों का तेल अब तक नहीं दिया गया है।

### बंद आवास से लाखों के आभूषण व नगदी चोरी

**हांसी।** अज्ञात चोर ढाणी गुजरान में एक बंद आवास से लाखों रुपये के सोने, चांदी के आभूषण तथा नगदी चुराकर ले गए। अमित ने कहा है कि मैं अपने परिवार सहित हिसार के सेक्टर 5 मे रहता हूं। शनिवार दिन में हमें गांव से सूचना मिली की हमारे मकान के ताले टूटे पड़े है। सूचना के उपरांत मैने अपने मकान पर आकर सामान चैक किया तो लाखों के आभूषण व नगदी चोरी हुए मिले।

### सट्टा खाईवाल करता नकदी सहित एक काबू

**हांसी।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुल्तान कालोनी निवासी यशपाल उर्फ राजू के रूप में हुई है। पुलिस को आरोपी की कब्जे से 22500 रुपए बरामद हुए हैं। मुल्तान कालोनी चौक पर एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। पुलिस ने एक बोगस ग्राहक को मौके पर भेजा।

### महंत शुक्राई नाथ ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नारनौंद।** प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देकर हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से दादा काला पीर मठ के महंत शुक्राई नाथ योगी और आईसीएस कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर परिमल कुमार ने विशेष मुलाकात कर शिक्षा का रोड मैप के बारे चर्चा की। बैठक में महंत शुक्राई नाथ कोथमठ के सफलतम आयोजन सीईटी महाप्रतियोगिता शिक्षा मेला सहित कोथ महोत्सव की भी चर्चा हुई।

### ध्यान सत्संग सभा का मिलन समारोह संपन्न

**हिसार।** ध्यान सत्संग सभा के तत्वाधान में देवी भवन कॉलोनी में संस्था के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैंकड़ों साधकों ने परिवार सहित भाग लिया। अनेक साधकों व बच्चों ने चुटकुले, कविताएं व गीत सुनाकर आनंद लिया।

### 'हमारा प्यार-हिसार' ने पेंटिंग अभियान पूरा किया

**हिसार।** 'हमारा प्यार-हिसार' ने कई सप्ताहों की मेहनत के बाद पीएलए की लंबी दीवार पर पेंटिंग के कार्य को पूरा कर दिया। इस दीवार पर लंबे समय से पेंट करने और उस पर पक्षियों, तितलियों, मछलियों और फूलों की सुंदर आकृतियां बनाने का काम चल रहा था। अभियान से पहले यह दीवार बहुत ही बदरंग थी लेकिन अब यह यहां से गुजरने वालों के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बन गई है।

---

सांगठनिक दृष्टि से हिसार व हांसी बनेंगे दो जिले, गठन जल्द

# गुणवत्ता से होंगे सरकारी कार्य, लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : रणबीर गंगवा

लोक निर्माण व जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री रणबीर गंगवा।

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि सरकारी कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखें। यदि किसी स्तर पर सड़क निर्माण या अन्य कार्यों में लापरवाही पाई गई तो न केवल अधिकारियों पर कार्रवाई होगी बल्कि संबंधित एजेंसी पर भी कार्रवई निश्चित है।

रणबीर गंगवा रविवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर निर्माण कार्यों की चैकिंग होती है ताकि जनता के पैसे का सही जगह व सही समय पर सदुपयोग करवाया जा सके। हिसार की आटो मार्केट की सीवरेज व्यवस्था चरमराने बारे पूछे एक सवाल के जवाब में मंत्री के कहा कि यह मामला ध्यान में आते ही अधिकारियों को सीवरेज व्यवस्था दुरूस्त करवाने के निर्देश दे दिए गए हैं। केवल आटो मार्केट या हिसार ही नहीं बल्कि हर जगह की सीवरेज व सड़क व्यवस्था को उत्तम क्वालिटी के साथ सही करने के निर्देश दे दिए गए हैं। निगम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पोपली लगभग 65 हजार मतों से चुनाव जीते हैं।

#### इस्तीफा तैयार रखें कांग्रेस सांसद जेपी

एक सवाल के जवाब में मंत्री रणबीर गंगवा ने चुटकी ली कि कांग्रेस सांसद जयप्रकाश को अपना इस्तीफा तैयार रखना चाहिए। जेपी ने कहा था कि यदि इस हवाई अड्डे से कोई उड़ान उड़ी तो वे इस्तीफा दे देंगे। अब केन्द्र सरकार ने लाइसेंस दे दिया है और हवाई अड्डे से उड़ान शीघ्र ही होगी। ऐसे में जेपी को अपना इस्तीफा तैयार रखना चाहिए।

#### सांगठनिक प्रक्रिया जारी

मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन को बारीकी से मजबूत करके कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाली पार्टी है। इसी को देखते हुए सांगठनिक प्रक्रिया जारी है। हिसार बड़ा जिला है और इसमें सात विधानसभा सीटें है, जिसे देखते हुए पार्टी ने हिसार जिले को दो भागों में बांटकर दो जिला अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया है।

#### कांग्रेस के जीरो पर आउट होने का किया था ऐलान

रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव की घोषणा होते ही ऐलान किया था कि कांग्रेस जीरों पर आउट होगी और ऐसा ही हुआ। कांग्रेस की हालत इस समय बहुत नाजुक हो चुकी है और किसी भी निकाय चुनाव में उसकी जीत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अब कोई भविष्य नहीं है। इन निकाय चुनावों में भाजपा 10 में से 9 में विजयी हुई है।



बरवाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

## विकास कार्यों में नहीं रहेगी कोई कमी

- मंत्री गंगवा ने व्यापारी एसोसिएशन बरवाला के सम्मान समारोह में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

व्यापारी एसोसिएशन बरवाला की ओर से आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने मंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में बरवाला क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारियों,कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सम्मान समारोह में कहा कि बरवाला के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का प्रेम, स्नेह और सत्कार अतुलनीय है। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने बरवाला क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि बरवाला हलका तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और इस क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।



हिसार। नवनिर्वाचित मेयर व पार्षदों का अभिनंदन करते पार्टी नेता व उपस्थित गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

## जनता ने भाजपा की नीतियों में विश्वास जताया : अशोक

- भाजपा कार्यालय में नवनिर्वाचित मेयर व पार्षदों का अभिनंदन
- मंत्री रणबीर गंगवा एव पूर्व मंत्री कमल गुप्ता ने दी सभी को बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा है कि नगर निगम चुनाव में जनता ने भाजपा में पूर्ण रूप से विश्वास जताया है। यही कारण है कि भाजपा मेयर उम्मीदवार प्रवीण पोपली भारी मतों से विजयी हुए वहीं 20 में से 17 वार्डों में पार्षद प्रत्याशी भी अच्छे मार्जन से जीतकर आए हैं। यह सब सरकार की स्वच्छ व पारदर्शी प्रशासन तथा सरकार के प्रति जनता के विश्वास का परिणाम है। अशोक सैनी रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में नवनिर्वाचित मेयर व पार्षदों के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व अनूप धानक, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल व जगदीश चौपड़ा इस मौके पर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में हुए निकाय चुनाव में जनता ने भाजपा पर भरोसा जताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है।

#### मेयर व पार्षद को बधाई

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि मेयर व पार्षद बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि मेयर व जीते हुए पार्षदों के अलावा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की शहर के प्रति जवाबदेही है। सभी मिलकर शहर के विकास कार्यों को पूरा करवाएं, नई योजनाएं लाएं और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।

#### विकास को गति देंगे

नवनिर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाकर तथा जनता ने जीत दिलाकर जो भरोसा जताया है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। वे सदैव जनता की समस्याओं को दूर करने व विकास कार्यों को गति देने का प्रयास करेंगे। मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर विधायक विनोद भ्याणा, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया, महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, जिला सह कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, रामनिवास राड़ा, सतपाल शर्मा, राजेन्द्र सपड़ा, जिला के सभी पदाधिकारी, मौजूद रहे।

---

## बेनीवाल खाप की बैठक में मंथन

- नशाखोरी, भ्रूण हत्या, लिव इन रिलेशनशिप, शादियों में फिजूल खर्च व बढ़ते अपराध पर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला



बरवाला। श्री बेनीवाल खाप को संबोधित करते प्रांतीय प्रधान भरत सिंह बैनीवाल।

श्री बैनीवाल खाप की राज्य कार्यकारिणी की बैठक किसान रेस्ट हाउस में प्रांतीय प्रधान भरत सिंह बैनीवाल की अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक में प्रांतीय प्रधान भरत सिंह बैनीवाल ने अपने सम्बोधन में समाज में बढ़ रही नशाखोरी, भ्रूण हत्या, लिव इन रिलेशनशिप, बिना मां-बाप की इजाजत के शादी और विवाह शादियों में फिजूल खर्च, बढ़ते अपराध और किसान विरोधी नीतियों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि सरकार ने सख्त कानून बनाकर उपरोक्त अपराधों पर पाबंदी नहीं लगाई तो खाप सड़कों पर आने के लिए मजबूर होगी। प्रदेश अध्यक्ष भरत सिंह बेनीवाल ने कहा कि समाज में फैली बुराइयों को रोकने के लिए बैनीवाल खाप 30 अप्रैल के बाद प्रदेश में एक बड़ा राज्य स्तरीय सम्मेलन बुलाएगी जिसमें बैनीवाल खाप के हर वर्ग के प्रतिष्ठित, प्रतिभावान और समाजसेवियों को आमंत्रित किया जाएगा।

## दो लायंस क्लबों ने गोशाला में सेवा कर सहयोग राशि दी

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा व लायंस क्लब हिसार डायमंड की ओर से बाईपास स्थित कपिला गौशाला में हरा चारा व गुड़ की सेवा की गई।

लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा के सचिव पवन सरदाना ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन एचआर नारंग व भूषण कथूरिया थे। गौशाला में चल रहे विकास कार्यों की कड़ी में दोनों क्लबों की ओर से संयुक्त रुप से नकद राशि भी प्रदान की गई। गौशाला में इन दिनों शैड बनाकर मिट्टी डलवाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर रिजन चेयरपर्सन नीरज वर्मा, जोन चेयरपर्सन व प्रधान प्रवीन नारंग, प्रधान दुनीचंद गोयल, आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 120 ने किया रक्तदान

- रक्तदान करने से मिलने वाली आत्मसंतुष्टि को रक्तदाता ही कर सकते हैं अनुभव : राजेश खोथ

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हिसार। बिश्नोई सभा हिसार के प्रधान जगदीश बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम राजेश खोथ ने कहा है कि रक्तदान करना पुनीत कार्य है। रक्तदाताओं द्वारा किए गए रक्तदान से हर साल अनेक अनमोल जान बचती हैं। रक्तदान करने से आत्मा को जो संतुष्टि मिलती है उसे केवल रक्तदाता ही अनुभव कर सकते हैं।

एसडीएम राजेश खोथ उचाना सेवा समिति द्वारा उचाना अनाज मंडी में आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। शिविर में रक्तदाताओं ने अच्छा खासा उत्साह दिखाया और 120 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। खास बात यह है कि इस सेवा मंच के संस्थापक स्वयं एसडीएम राजेश खोथ ही है। उचाना सेवा मंच के समन्वयक मास्टर राम प्रसाद ने बताया कि एसडीएम खोथ ने इस संस्था की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि एसडीएम राजेश खोथ भी एक्टिव रक्तदाता है। वे कई बार रक्तदान कर लोगों को रक्तदान बारे प्रेषित कर चुके हैं। वह आज भी रक्तदान करना चाहते थे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया क्योंकि हाल ही में हांसी स्थित एसडी महिला महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में एसडीम राजेश खोथ ने रक्तदान किया था। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज हित के कार्य करना है। चाना सेवा मंच से सैकड़ो की संख्या में लोग जुड़ चुके हैं।

---

## कड़वासरा फिर बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



प्रधान जगदीश बिश्नोई।

- 11 सदस्यीय कमेटी के अलावा 29 आमंत्रित सदस्य भी नियुक्त

बिश्नोई सभा हिसार की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन कर दिया गया है। इस संबंध में पिछले दिनों बिश्नोई सभा हिसार की आम सभा की बैठक बिश्नोई मंदिर में आयोजित की गई थी।

बैठक में मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं कमेटी सदस्यों की नियुक्ति के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव पारित कर 'बिश्नोई रत्न' चौ. कुलदीप बिश्नोई को आगामी कार्यवाही के लिए अधिकार सौंपा था। समाज के सभी बुद्धिजीवियों से बातचीत करके बिश्नोई सभा हिसार की नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए कुलदीप बिश्नोई ने सुभाष चन्द्र बिश्नोई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन का गठन किया था, जिसमें बलदेव खोखर, लीलूराम बिश्नोई, राजाराम खिचड़, सहदेव कालीराणा, बलदेव लोहमरोड़, भूप सिंह गोदारा एवं इन्द्रजीत बिश्नोई सदस्य के रूप में शामिल थे। उपरोक्त कमेटी ने बिश्नोई सभा हिसार की नई कार्यकारिणी के लिए सर्वसम्मति से कुलदीप बिश्नोई को सदस्यों के नाम सुझाए थे।

## स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

- सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। एनएसएस कार्यक्रम के तहत अभियान चलाते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकि की ओर से आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के अंतर्गत शिकारपुर गांव में कई महत्वपूर्ण सामाजिक गतिविधियां हुईं। इस दौरान एनजीओ हम वृक्ष मित्र की सहायता से शिकारपुर के सरकारी स्कूल में पौधरोपण किया गया।

साथ ही, एनएसएस वॉलंटियर्स ने स्कूल के बच्चों को 'स्वच्छता के महत्व' और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया। इसके पश्चात, शिकारपुर गांव की चौपाल में सिविल हॉस्पिटल, हिसार की ओर से आए डॉ. राहुल ने बच्चों को नशामुक्ति के दुष्प्रभावों और नशे से बचाव के तरीकों पर जानकारी दी। इसके बाद, एनएसएस वॉलंटियर्स ने एनजीओ प्रयत्न का दौरा किया, जहां उन्होंने स्लम क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा संबंधी कठिनाइयों को समझा और उनकी उपलब्धियों को करीब से देखा। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रवक्ता सोनू कस्वां ने किया, जिनका सहयोग दिनेश नैन, प्रशांत जोगी और अंजलि जागलान ने किया। तरुण कुमार शर्मा ने ओवरऑल एनएसएस समन्वयक की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार का विशेष योगदान रहा, जिनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से यह सामाजिक कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## उद्योगपतियों को बजट में विशेष पैकेज दें सरकार

- हरियाणा के वार्षिक बजट बारे व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की है कि 17 मार्च को पेश होने वाले हरियाणा के वार्षिक बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों को विशेष पैकेज दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ये जरूरी है।

बजरंग गर्ग रविवार को हरियाणा के वार्षिक बजट बारे व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विचार किया गया। सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश में लगातार व्यापार व उद्योग कम होते जा रहे है जिसका मुख्य कारण टैक्स की दरें ज्यादा होना है। सरकार को बजट में उद्योगों को बिजली के बिलों में 50 प्रतिशत सब्सिडी देनी चाहिए।

---

लोगों की समस्याओं का समाधान करना सर्वोच्च प्राथमिकता : भ्याना

# चार विकास परियोजनाओं के निर्माण का शुभारंभ

- हांसी हलके में 53 लाख की लागत से बन रही परियोजनाएं
- आखिरी सांस तक जन सेवा का कार्य लगातार जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। नारियल तोड़ विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

लोगों की समस्याओं का समाधान करना तथा उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। जीवन की आखिरी सांस तक जन सेवा का कार्य इसी प्रकार से साफ नियत और सच्चे भाव से करने का सिलसिला लगातार जारी रखा जाएगा। यह बात विधायक विनोद भ्याना ने रविवार को हांसी हलके में 53 लाख रुपए की लागत से बनने वाली चार विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत लोगों से बातचीत करते हुए कही। धमाणा गांव में एचआरडीएफ योजना के तहत लगभग 30 लाख रुपए की लागत के खेतों के दो कच्चे रास्तों को पक्का बनाने, शहर में 12 लाख की लागत से बने वाली सैनिक स्कूल वाली गली का निर्माण कार्य तथा ढंढेरी गांव में 11 लाख रुपए की लागत से कच्चे रास्ते को पक्का बनाने के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन चारों विकास कार्यों पर 53 लाख रुपए से अधिक धनराशि खर्च आएगी। उन्होंने इन विकास कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तेजी से इन विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण करवाना सुरक्षित करें।

#### ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर राजपाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना,जगदीश भाटिया, राजेश ठकराल, राजमल वर्मा, राजेंद्र अरोड़ा, दिनेश मल्होत्रा, राजीव वर्मा, दयानंद नागपाल, प्रेम वर्मा, प्रदीप ठेकेदार, हरीश मिगलानी, मुकेश टुटेजा, सुनील खट्टर, नगर परिषद के जेई आदर्श व पवन चोपड़ा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## रमेश बने भाविप वीर शाखा के अध्यक्ष

- डॉ. देवेंद्र मोहन बने सचिव व संजय भ्याना कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। भाविप की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद वीर शाखा, हिसार की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 2025–26 के लिए दायित्वधारियों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक की भूमिका श्रीमती अनुपमा अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन ने निभाई।

डॉ. महिपाल यादव राष्ट्रीय सचिव, ग्रामीण विकास ने बताया कि वीर शाखा के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से डॉ. रमेश आर्य, सचिव पद पर डा. देवेंद्र मोहन तथा कोषाध्यक्ष पद पर संजय भ्याना को चुना गया है। इस अवसर पर डॉ. तिलक राज आहुजा ने विश्वास जताया कि नई टीम और अधिक ऊर्जा तथा समर्पण के साथ अपने दायित्वों को निभाएगी। शाखा सलाहकार मदनलाल यादव तथा डॉ. सतीश वर्मा ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी और भविष्य में भी अपना सहयोग व मार्गदर्शन बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. रमेश आर्य ने कहा कि वे भारत विकास परिषद को अपनी मां की तरह मानते हैं और जिस प्रकार से व्यक्ति अपनी मां के प्रति समर्पण भाव से सेवा में संलग्न रहता है। उसी भाव से वे भी अपने पद की गरिमा को समझते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर के जेई कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी गाड़ी चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में विक्रम सिंह ने बताया कि बीती 15 मार्च की शाम को उसने अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात को चोर गाड़ी चोरी कर ले गए। सुबह उसे घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो दो युवक गाड़ी को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### युवक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान चौटाला रोड क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि एएसआई जगजीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान चौटाला रोड मंडी डबवाली मौजूद थे। इस दौरान विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि एक युवक जिसके पास एक नाजायज पिस्तौल है, जो रामबाग फाटक मंडी डबवाली के पास बने वेयर हाउस पर खड़ा और कहीं जाने की फिराक में है।

### सोलर पंप का कंट्रोलर चोरी का वांछित अरोपी काबू

**डबवाली।** सिंहपुरा चौकी पुलिस ने खेत से सोलर पंप का कंट्रोलर चोरी के मामले में वांछित आरोपी को काबू किया है। सिंहपुरा चौकी पुलिस प्रभारी उप निरीक्षक चंदन सिंह ने बताया कि दर्शन सिंह पुत्र मुकंद सिंह निवासी सिंहपुरा की शिकायत पर उसके खेत से सोलर पंप के कन्ट्रोलर चोरी का मामला दर्ज किया गया था।

### जैन साध्वियां पद विहार कर रतिया पहुंची

**रतिया।** युवा प्रेरिका महा साध्वी डॉ. शिवप्रज्ञा महाराज आदि जैन साध्वियां जैन स्थानक कुलां से विहार करके रतिया जैन स्थानक में पहुंच चुके हैं। रतिया जैन स्थानक में 17 मार्च सुबह 8.15 से 9.15 तक प्रवचन कार्यक्रम होंगे। जैन सभा के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रवचनों में शामिल होकर लाभ उठाने का आहवान किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहाबाद।** भट्टू क्षेत्र के गांव ढाण्ड के समीप अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार किसान घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाण्ड निवासी रोहताश ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से बीघड़ रोड स्थित अपने खेत में जा रहा था।

### टोहाना शहर से युवती लापता, मामला दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना से एक युवती के लापता होने का समाचार है। युवती के भाई ने मोहल्ले के ही एक युवक पर उसकी बहन को छिपाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवक घायल

**फतेहाबाद।** गांव दौलतपुर के समीप एक कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में से एक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज व दूसरे को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### पीडी मेमोरियल स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**फतेहाबाद।** गांव खाबड़ा कलां स्थित पीडी मेमोरियल कॉन्वेंट स्कूल में आज कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सभी बच्चों के माता-पिता तथा अभिभावकों ने भाग लिया।

# श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मोक्ष का द्वार : स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज

### श्री कृष्ण गोशाला, बड़ोपल में दूसरे दिवस की कथा में श्रद्धालुओं का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

श्रीमद्भागवत कथा एवं गौ महिमा पर आधारित दिव्य कथा ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिवस का आयोजन श्री कृष्ण गौशाला, बड़ोपल में भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा व्यास गौ ऋषि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज, हरिद्वार के सान्निध्य में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा रस का पान किया और अपने जीवन को धर्म, भक्ति एवं सेवा के पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लिया।

**खास बातें**

- 'नित्यम भागवत सेवा' की महिमा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया
- गोमाता की पूजा से भगवान श्रीकृष्ण होते है प्रसन्न

### श्रद्धालुओं ने अपने जीवन को धर्म, भक्ति एवं सेवा के पथ पर अग्रसर करने का लिया संकल्प

#### भागवत कथा में हर समस्या का समाधान

स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मोक्ष का द्वार है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का हृदय है, जिसमें जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान और आत्मा के कल्याण का मार्ग निहित है। जो श्रद्धालु भागवत कथा को हृदय से श्रवण करता है, उसके जीवन में शुद्धता, शांति और समृद्धि स्वतः ही आ जाती है। कथा के दौरान राजा परीक्षित और श्री शुकदेव जी महाराज के संवाद का सुंदर वर्णन हुआ, जिसमें 'नित्यम भागवत सेवा' की महिमा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। सनातन संस्कृति की आधारशिला गौ माता की महिमा पर विशेष प्रकाश डालते हुए स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड के संतुलन का आधार है। वेदों, पुराणों और शास्त्रों में गौ माता की पूजा का उल्लेख मिलता है, क्योंकि गौ माता की सेवा करने से भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्न होते हैं और समस्त पापों का नाश होता है। उन्होंने बताया कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उनके पंचगव्य से चिकित्सा, कृषि और पर्यावरण को अपार लाभ मिलता है।




फतेहाबाद। बड़ोपल में प्रवचन करते स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

#### भक्तों ने सेवा कार्यों में भी भाग लिया

दूसरे दिवस की कथा में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। भक्तों ने गौमाता का पूजन किया, कथा श्रवण किया एवं सेवा कार्यों में भाग लिया। संपूर्ण वातावरण गायत्री मंत्र और हरे राम, हरे कृष्ण के संकीर्तन से भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर प्रधान रामसिंह सिंगड़, कृष्ण गोदारा, बलवंत थापन, संतलाल जांगू, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष गोड, बंसी लाल जांगू, आत्माराम गोदारा, सुभाष गोदारा, सुभाष कड़वासरा, कृष्ण कड़वासरा चेयरमैन, राजा राम थालौड़, संदीप शर्मा, विष्णु मांजू खजुरी, सोहन लाल सिहाग, रोहतास छींपा, छोटू राम भादू, सुल्तान कड़वासरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पार्षदों ने कहा : यह शहरवासियों के टैक्स के पैसे की बर्बादी

# भूना के डस्टबिन फतेहाबाद भेजने का किया विरोध, दिया अल्टीमेटम

#### शहर में एक भी डस्टबिन नहीं लगा, जगह-जगह गंदगी के लगे ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

नगरपालिका भूना के पार्षदों और प्रतिनिधियों ने शहर के लिए खरीदे गए डस्टबिन फतेहाबाद भेजने का विरोध किया है। पार्षदों ने चेतावनी दी कि अगर रविवार तक 40 डस्टबिन वापस नहीं लाए गए तो सोमवार को पार्षद प्रतिनिधि मंडल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिलेगा और अधिकारियों की शिकायत करेगा। नगर पालिका के चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, पार्षद रोहताश गोयल, अमन बाबा, राहुल दहिया, सुमित कुमार, सुशील सोनी, प्रकाश कुमार, पार्षद प्रतिनिधि बजरंग शर्मा, राजू कंबोज, मुकेश भूक्कल, राजकुमार, संजीव छोकरा आदि ने आरोप लगाया कि नगरपालिका अधिकारियों ने करीब 100 डस्टबिन लगभग तीन साल पहले मंगवाए थे। इनका भुगतान भी भूना नगर पालिका ने कर दिया था, लेकिन शहर में डस्टबिन लगाने की अनुमति नहीं मिलने का बहाना बनाकर इन्हें नहीं लगाया गया।



भूना। फतेहाबाद डस्टबिन भेजे जाने का विरोध करते हुए प्रधान व पार्षद।



भूना। पुलिस स्टेशन रोड पर डस्टबिन के अभाव में गंदगी सडक़ पर पड़ी हुई।

इनमें से करीब 15 डस्टबिन गौशाला, नंदीशाला और पुलिस स्टेशन में लगाए गए, लेकिन शनिवार को अचानक 40 डस्टबिन फतेहाबाद नगर परिषद भेज दिए गए।

पार्षदों का कहना है कि यह शहरवासियों के टैक्स के पैसे की बर्बादी है। जब भूना नगर पालिका ने इन डस्टबिन का भुगतान कर दिया था तो फतेहाबाद नगर परिषद को देने की जरूरत क्यों पड़ी। शहर में एक भी डस्टबिन नहीं लगा, जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। इसके बावजूद अधिकारियों ने लापरवाही बरती। कई बार हाउस मीटिंग में डस्टबिन लगाने का मुद्दा उठा, लेकिन अधिकारियों ने अनुमति न होने की बात कहकर इसे टाल दिया। अब छुट्टी के दिन दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भरकर डस्टबिन फतेहाबाद भेज दिए गए। इसी कारण पार्षद इसका विरोध कर रहे हैं।

#### चेयरपर्सन के कांग्रेस में जाने के बाद विकास कार्यों में रुकावट

बता दें कि नगर पालिका की चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हो गई थी। उन्होंने भाजपा के खिलाफ जमकर बयान दिए थे। अब भाजपा सरकार बनने के बाद से विकास कार्यों में रुकावट आ रही है। चेयरपर्सन और अधिकारियों के बीच तालमेल भी ठीक नहीं बैठ रहा।

#### क्या कहते हैं नगर पालिका सचिव

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर 40 डस्टबिन भूना से फतेहाबाद भेजे गए हैं। फतेहाबाद नगर परिषद का डस्टबिन खरीद का टेंडर लगा हुआ है। वहां से आने के बाद 40 डस्टबिन वापस भूना आ जाएंगे।

# उग्रसेन गर्ग बने भाविप के प्रधान

- मैहता को तीसरी बार सचिव पद की सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली



सिरसा। भारत विकास परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

समाजसेवी उग्रसेन गर्ग को भारत विकास परिषद शाखा डबवाली का प्रधान बनाया गया है। चुनाव पर्यवेक्षक हरबंस नारंग, जिला समन्वयक अशोक गुप्ता व भाविप के शाखा संस्थापक सतपाल जग्गा की देखरेख में हुई संस्था सदस्यों की चुनावी बैठक में उग्रसेन गर्ग को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। अंकुर चोपड़ा ने उग्रसेन गर्ग के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका अनुमोदन गुरदित्त दुरेजा व चंद्रभान मेहता ने किया। वहीं, सचिव के तौर पर भजन मैहता के नाम का प्रस्ताव सतपाल जग्गा व वेद प्रकाश भारती ने रखा जिसका अनुमोदन आशीष मैहता व टीकम जग्गा ने किया। इस प्रकार भजन मैहता को सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार सचिव चुन लिया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए कालू राम मैहता ने प्रदीप गर्ग का नाम रखा एवं इसका अनुमोदन संजय तनेजा व सुभाष मेहता ने किया। इस प्रकार प्रदीप गर्ग को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। संबोधन में जिला समन्वयक अशोक गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद एक स्वयंसेवी संस्था है जो सेवा, संस्कार, संपर्क के उद्देश्य को लेकर समाज सेवा करती है एवं स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलते हुए मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है।

# एटीएम में युवक के लूटे पैसे, मामले में दो काबू

- पुलिस ने पूरी राशि 50,000 रुपये असल मालिक को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭कालांवाली

पुलिस ने डिपॉजिट मशीन से 50 हजार रुपये लेकर भागने के मामले में दो युवकों को काबू कर राशि बरामद कर लिया है। पुलिस ने असली मालिक को रुपये वापस लौटा दिए हैं। रविवार को कालांवली चौकी प्रभारी शहर सुनील कुमार ने बताया कि दीपेश कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी वार्ड नंबर 7 मंडी कालांवाली ने बताया कि वह कालांवाली में स्थित एटीएम मशीन में 50,000 रुपए जमा करवाने गया था। जानकारी नहीं होने के चलते उसने पूरी राशि एक बार में ही मशीन में डाल दी थी। उसने बताया कि रुपए मशीन के अंदर जाते ही उसने रुपए जमा मान लिए और वह चला गया। थोड़ी देर बाद उसने बैंक खाता चेक किया तो पैसे जमा नहीं होने पर संबंधित बैंक में जाकर पता किया कि ऐसी कोई राशि उसके खाता में प्राप्त नहीं हुई है।



सिरसा। शिकायतकर्ता को उसकी राशि लौटाते पुलिस कर्मचारी।

### बयानबाजी में न उलझें, विकास को प्रमुखता दें चेयरमैनः डॉ. इंदौरा

**सिरसा।** पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने कहा कि नवनियुक्त चेयरमैन वीर शांति स्वरूप को बयानबाजी में न उलझकर शहर के विकास की कमान को तुरंत प्रभाव से संभालकर अपनी पारी की शुरूआत करनी चाहिए। डॉ. इंदौरा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि राजनीति में इस तरह की बातें चलती रहती हैं। जरूरी नहीं की गाली का जवाब गाली से ही दिया जाए, उसके और बहुत से तरीके हैं। चेयरमैन शांति स्वरूप को बजाय इस विवाद को तूल देने के अपने स्तर पर निपटाकर शहर के विकास की ओर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जनता ने बड़ी उम्मीद के साथ उन्हें इस कुर्सी पर बैठाया है। पूर्व सांसद ने कहा कि गर्मियों का मौसम आने वाला है और पेयजल की किल्लत अभी से लोगों को सताने लगी है, ऐसे में चेयरमैन को वाद-विवाद को भुलाकर मूलभूत सुविधाओं पर काम करना चाहिए।

# रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी न होः डॉ. राजेश बंसल

- इतिहास संकलन समिति हरियाणा पंजीकृत शाखा ने मासिक बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

युवाओं को रोजगार अवसर एवं चुनौतियां विषय पर बोलते हुए चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बांसल ने कहा कि युवाओं को समस्याओं को हल करने की तकनीक को सीखने के लिए टीम वर्क में काम करना चाहिए और सूचनाओं का वर्गीकरण करके उनका सदुपयोग करें। डॉ. बांसल रविवार को पुराने विवेकानंद स्कूल में इतिहास संकलन समिति हरियाणा पंजीकृत शाखा जिला सिरसा द्वारा आयोजित मासिक बैठक में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने युवाओं को सफलता प्राप्त करने के लिए तीन मंत्र बताए, जिनमें पहला माइंड सेट, दूसरा कठिन परिश्रम व तीसरा काम करने का ढंग, जिससे निसंदेह कार्य में सफलता प्राप्त होगी। रोजगार विषय पर बोलते हुए डॉ. बांसल ने बताया कि अधिकांश धारणा ये है कि रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी है, जोकि 2 से 3 प्रतिशत है।



सिरसा। बैठक को संबोधित करते कुलसचिव डॉ. राजेश बांसल। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने हर घर नशा मुक्ति का दिया संदेश

- युवाओं से किया आह्वान नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जन आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

रोड़ी थाना पुलिस ने गांव फग्गू में पहुंचकर हर घर नशा मुक्ति का संदेश देते हुए ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा तथा खेल गतिविधियों में आगे बढऩे के लिए प्रेरित करें। जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायतें व सामाजिक संस्थाएं अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त व अपराध मुक्त किया जा सके। जिला पुलिस द्वारा सेमिनार में गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को लगातार नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों से कहा कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से प्रेरित होकर युवा नशा छोडऩे के लिए बढ़ चढक़र आगे आ रहे हैं।



सिरसा। गांव फग्गू में ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस।

#### 152 गांवों को नशा मुक्त किया घोषित

उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोडने की भी पहल की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज करवाकर उन्हें फिर से समाज की मुख्य धारा में शामिल किया गया है। पुलिस कर्मियों ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अति आवश्यक है, ताकि नशे के खिलाफ अभियान को पूरी तरह से सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा अब तक 152 गांवों तथा शहर सिरसा व ऐलनाबाद के 11 वार्डों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है।



# ओढां में नंद बाबा गोसेवा संस्थान की नई शाखा का शुभारंभ

**ओढां।** नेशनल हाईवे पर स्थित बिजली घर के नजदीक नंद बाबा गोसेवा संस्थान कालांवाली द्वारा एक नई ब्रांच की शुरुआत की गई, जिसमें बेसहारा बीमार गायों का इलाज किया जाएगा। रविवार को सुबह शास्त्री कुलदीप शर्मा ने मुख्य यजमानों गुलाब श्योराण, महिन्द्र सिंह, अजय श्योराण, राकेश कुमार, राजीव गर्ग व विक्रम के हाथों पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ करवाया गया। जिसमें करीब 25 गांवो के गोभक्तों ने आहुतियां डाली। इस संस्थान के लिए गांव ख्योंवाली के समाजसेवी अजय श्योराण पुत्र गुलाब सिंह ने अपनी भूमि तब तक दी है जब तक हस्पताल अपनी जमीन खरीद नही लेता। इस मौके पर दानी सज्जनों ने करीब 2.50 लाख रुपये का दान दिया। उसके बाद गौमाता की किरपा से अटूट लंगर वरताया गया। दोपहर बाद भजन गायक कलाकार संत मीरा व हरजी वनसुधार ने गौमाता व श्री कृष्ण भगवान के सुन्दर सुन्दर भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सदस्यता अभियान के तहत ढाबी खुर्द गांव में हुई बैठक

# किसान सभा कल भट्टू सरकारी अस्पताल पर देगी धरना

- स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को एकजुट किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा क्षेत्र के गांवों में सदस्यता अभियान चलाने के साथ-साथ ग्रामीण इकाईयों का गठन किया जा रहा है। खासकर भट्टू क्षेत्र में सेम समस्या के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं खासकर स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को एकजुट किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को गांव ढाबी खुर्द में अखिल भारतीय किसान सभा ग्राम कमेटी की मीटिंग किसान रामस्वरूप सिद्धू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पहुंचे किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि किसानों की स्वास्थ्य सम्बंधी परेशानियों को देखते हुए किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से 18 मार्च को भट्टूकलां में सरकारी अस्पताल के बाहर धरना दिया जाएगा। बैठक में रामस्वरूप सिद्धू को गांव की कमटी का प्रधान और रमेश कुमार को सचिव चुना गया।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते किसान सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### प्रधान विष्णुदत ने बैठक को किया संबोधित

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज भट्टूकलां का सरकारी अस्पताल सफेद हाथी बनकर रह गया है। यहां काफी समय से ना तो हड्डियों का कोई डॉक्टर है और ना ही आंख-नाक-कान का कोई डॉक्टर। इसके अलावा यहां अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की भी कमी है। एक्स-रे मशीन न होने के कारण यहां उपचार के लिए आने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर क्षेत्रवासी कई बार शासन-प्रशासन के सामने मांग उठा चुके हैं लेकिन शासन-प्रशासन भट्टू क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस इलाके में कैंसर व हृदय रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा हर गांव में काफी संख्या में लोग गोढ़ों-मोढ़ों और जोड़ों के दर्द से परेशान हैं। जब लोग उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में जाते हैं तो उन्हें यहां से आगे रेफर कर दिया जाता है।